भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1311
गुरुवार, 27 जुलाई 2023/ 5 श्रावण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

<u>नांदेड़ से अन्य शहरों तक वायु मार्ग</u>

1311. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार का विचार नांदेड़-अमृतसर-मुंबई और नांदेड़ - दिल्ली मार्गों पर विमान सेवाएं पुनः आरंभ करने का है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और
(ग) क्या कोविड प्रोटोकॉल प्रतिबंध हटाने और यात्रियों की मांग के बाद भी उक्त मार्गों पर उड़ान सेवाओं को फिर से आरंभ करने में अनावश्यक रूप से विलंब हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)</u>

(क) से (ग): एअर इंडिया, नांदेड़ से अमृतसर (दिसंबर 2017 से) और दिल्ली (दिसंबर 2018 से) के लिए उड़ानें प्रचालित कर रही थी तथा बीच-बीच में प्रचालन बन्द भी हो रहा था। अक्टूबर 2021 में उपर्युक्त उड़ानों को बंद कर दिया गया और अमृतसर-नांदेड़-मुंबई उड़ान का प्रचालन मार्च 2022 तक किया गया। एअर इंडिया द्वारा व्यावसायिक कारणों और विमान उपलब्धता के मुद्दों के कारण इन उड़ानों को बंद कर दिया गया था। इसके बाद, नांदेड़ हवाई अड्डे से कोई निर्धारित परिचालन नहीं हुआ है।

मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम को निरस्त कर दिए जाने के साथ, भारतीय घरेलू विमानन सेक्टर को नियंत्रण मुक्त कर दिया गया। एयरलाइनें सेवा के लिए अपनी इच्छानुसार किसी बाजार और नेटवर्क का चयन कर सकती हैं। इसलिए, अपनी परिचालनात्मक और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर, देश के किसी भी हवाईअड्डे से/के लिए हवाई सेवाएं शुरू करना एयरलाइन ऑपरेटर पर निर्भर करता है।

****